दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 100 मुरादाबाद 04 August 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## योगी सरकार का अहम फैसला, कारखानों के संचालन के लिए अब एक रजिस्ट्रेशन और एक लाइसेंस



उत्तर प्रदेश में अब किसी अधिष्ठान या कारखाने को संचालित करने के लिए अब श्रम कानूनों (Labor Laws) से जुड़े अधिनियमों के तहत अलग-अलग रजिस्ट्रेशन कराने और लाइसेंस हासिल करने और रिटर्न दाखिल करने की जरूरत नहीं होगी। कारखानों का अब एक रजिस्ट्रेशन और एक लाइसेंस होगा। न ही उन्हें विभिन्न श्रम कानूनों के तहत अलग-अलग रजिस्टर रखने की जरूरत होगी। अब उन्हें 54 की बजाय सिर्फ सात रजिस्टर रखने होंगे। कारखाने और प्रतिष्ठान अपने रिकार्ड इलेक्ट्रानिक फार्म में रख सकेंगे और सूचनाओं का आदान-प्रदान भी इलेक्ट्रानिक विधि से कर सकेंगे। श्रमिकों की सेवा शर्तों में भी एकरूपता होगी।यह सब संभव होगा उत्तर प्रदेश व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य-शर्त नियमावली, 2022 के अंतर्गत जिसे मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई। श्रम कानूनों में सुधार के उद्देश्य से बनाई गई इस नियमावली के लागू होने पर प्रदेश में पहले से लागू श्रम कानूनों से जुड़ी छह नियमावलियां अतिक्रमित हो जाएंगी। केंद्र सरकार ने श्रम कानूनों से संबंधित 13 केंद्रीय अधिनियमों को समाहित करते हुए व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य-शर्त संहिता (ओएसएच कोड) 2020 बनाई थी जिसे 28 सितंबर 2020 को सरकारी गजट में अधिसूचित कर दिया गया था लेकिन यह अभी लागू नहीं है। इस संहिता को प्रदेश में लागू करने के उद्देश्य से श्रम विभाग ने यह नियमावली बनाई है।इस नियमावली में ओएसएच कोड के दायरे में आने वाले कारखानों, खतरनाक प्रक्रिया संचालित करने वाले कारखानों, बीड़ी व सिगरेट फैक्ट्रियों और बागान श्रमिकों के स्वास्थ्य, व्यावसायिक सुरक्षा और कार्य की दशाओं और नियोजकों के कर्तव्यों से जुड़े प्रावधान शामिल हैं। यह नियमावली उस तारीख से लागू होगी जिसे केंद्र सरकार गजट में अधिसूचित करेगी। 45 वर्ष से अधिक उम्र के कामगारों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण = नियमावली के अनुसार किसी भी कारखाने के कर्मचारी जो कि 45 वर्ष से अधिक उम्र के हैं या खतरनाक प्रकृति के कारखाने में नियोजित हैं, नियोक्ता को वर्ष में एक बार उनका निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा। प्रत्येक नियोजक को कर्मचारी को अधिष्ठान या कारखाने में उसकी नियुक्ति के समय या काम शुरू करने से पहले नियुक्ति पत्र जारी करना अनिवार्य होगा। जिस कारखाने में 500 से अधिक कर्मकार नियोजित हों या खतरनाक प्रकृति के ऐसे कारखाने जिनमें 250 से अधिक कर्मकार नियोजित हों, उनमें सेफ्टी अफसर की नियुक्ति अनिवार्य होगी। ओवरटाइम के लिए दोगुणा भुगतान = कारखानों में कर्मकारों से सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे काम लेने की व्यवस्था की गई है। इससे ज्यादा काम करने पर अतिरिक्त घंटों के कार्य के लिए दोगुणा भुगतान करना होगा। किसी भी दिन अधिकतम पांच घंटे काम के बाद आधे घंटे का अंतराल होगा। किसी एक दिन में काम का फैलाव विश्राम की अवधि को शामिल करते हुए 12 घंटे से अधिक नहीं होगा। सप्ताह में एक दिन सवेतन अवकाश होगा। संकट की स्थिति में प्रतिष्ठान अस्थायी रूप से बंद करने पर श्रमिकों को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रविधान है। श्रमिकों के हितों का ध्यान = नियमावली में अंतरराज्यीय श्रमिकों का पोर्टल पर पंजीकरण करने और उनकी समस्याओं के निदान के लिए निश्शुल्क हेल्पलाइन संचालित करने का प्राविधान है। ऐसे बीड़ी-सिगार श्रमिक जो औद्योगिक परिसर के बाहर काम करते हैं, उनकी समस्याओं के निदान के लिए प्राविधान किये गए हैं। बागानों में काम करने वाले मजदूरों के लिए आवास, शौचालय, चिकित्सा शिशु सदन, बच्चों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं, कीटनाशकों से सुरक्षा के प्राविधान किये गए हैं। महिलाएं कर सकेंगी रात में काम = नियमावली में अधिष्ठान या कारखानों में कुछ शर्तों के साथ महिलाओं से रात में भी काम कराने का प्राविधान है। खतरनाक प्रक्रिया संचालित करने वाले कारखानों में महिलाओं का नियोजन प्रतिबंधित होगा। गर्भवती महिलाओं को खतरनाक कार्यों से जुड़े कारखानों में काम करने की अनुमति नहीं होगी। बोर्ड देगा सरकार को राय = श्रम एवं सेवायोजन मंत्री की अध्यक्षता में राज्य व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड के गठन का प्राविधान किया गया है। बोर्ड कारखानों में स्वास्थ्य सुरक्षा, कल्याण से जुड़े मामलों में सरकार को अपने सुझाव देगा।

## ओमप्रकाश राजभर का अखिलेश पर पलटवार, कहा- BJP की आत्मा मुझसे निकलकर प्रोफेसर साहब में घुस गई क्या? किस तांत्रिक से कराएंगे झाड़-फूंक



सपा से गठबंधन की डोर तोड़ चुके सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के बारे में पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा था कि उनमें बीजेपी की आत?मा घुस गई है। अब सपा नेता रामगोपाल यादव की मुख?यमंत्री योगी आदित?यनाथ से मुलाकात को लेकर ओम प्रकाश राजभर ने पलटवार किया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से उन्होंने पूछा है कि भाजपा की आत्मा ओमप्रकाश राजभर से निकल कर रामगोपाल यादव में घुस गयी है क्या? अखिलेश यादव किस तांत्रिक से अब प्रोफेसर साहब का झाड़फूंक कराएंगे। राजभर ने कहा कि सीएम से यह शिष्टाचार मुलाकात नहीं बल्कि प्राण बचाओ मुलाकात है। राजभर ने कहा है कि अखिलेश कोई भी चुनाव गंभीरता से नहीं लेते। उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल का पर्चा खारिज होने के प्रकरण से फिर सामने आ गई है।

### शिवपाल का रामगोपाल पर तंज

उधर, शिवपाल यादव ने भी अपने चचेरे भाई रामगोपाल यादव की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात पर तंज कसते हुए कहा न्याय की यह लड़ाई अधूरी क्यों है? शिवपाल यादव ने इस मुलाकात में रामगोपाल यादव द्वारा सपा के कई अन्य नेताओं के उत्पीड़न का मुद्दा न उठाए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट कर कहा न्याय की यह लड़ाई अधूरी क्यों हैं? आजम खान साहब, नाहिद हसन, शहजिल इस्लाम और अन्य कार्यकर्ताओं के लिए क्यों नहीं ?असल में शिवपाल के कहने का मतलब है कि रामगोपाल ने मुख्यमंत्री से अपने करीबियों के उत्पीड़न का मामला ही उठाया।

## राष्ट्रपति के बाद उपराष्ट्रपति चुनाव में भी मायावती विपक्ष के खिलाफ, एनडीए सरकार के जगदीप धनखड़ को वोट देगी बीएसपी



बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की प्रमुख मायावती ने राष्ट्रपति चुनाव के बाद उपराष्ट्रपति चुनाव में भी विपक्ष के खिलाफ अलग स्टैंड लेते हुए एनडीए उम्मीदवार के समर्थन का ऐलान किया। उन्होंने साफ कर दिया है कि बीएसपी, एनडीए के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को वोट देगी। उप राष्ट्रपति पद के लिए 6 अगस्त को मतदान होना है। ऐन चुनाव से पहले बीएसपी सुप्रीमो ने एनडीए उम्मीदवार को समर्थन का ऐलान कर सबको चौंका दिया है। उन्होंने एक ट्वीट कर बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव में उनकी पार्टी ने एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को समर्थन देने का फैसला किया है। उन्होंने लिखा- सर्वविदित है कि देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में सत्ता और विपक्ष के बीच आम सहमति ना बनने की वजह से ही इसके लिए फिर अन्ततः चुनाव हुआ। अब ठीक वही स्थिति बनने के कारण उपराष्ट्रपति पद के लिए भी दिनांक 6 अगस्त को चुनाव होने जा रहा है। एक अन्य ट्वीट में मायावती ने लिखा- मायावती ने दूसरे ट्वीट में कहा, बीएसपी ने ऐसे में उपराष्ट्रपति पद के लिए हो रहे चुनाव में भी व्यापक जनहित और अपनी मूवमेंट को भी ध्यान में रखकर जगदीप धनखड़ को अपना समर्थन देने का फैसला किया है और जिसकी मैं आज औपचारिक रूप से घोषणा भी कर रही हूं। राष्ट्रपति चुनाव में भी दिया था एनडीए का साथ -बता दें कि बसपा ने इसके पहले राष्ट्रपति चुनाव में भी एनडीए के उम्मीदवार का समर्थन किया था। मायावती ने द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान किया था। बीएसपी का कहना है कि उनका ये फैसला स्वतंत्र रूप से लिया गया है। ये न सत्तापक्ष के समर्थन में है न विपक्ष के खिलाफ। 10 अगस्त को खत्म हो रहा वेंकैया नायडू का कार्यकाल - मौजूदा राष्ट्रपति वेंकैया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को खत्म हो रहा है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 6 अगस्त को वोट पड़ेंगे। उसी दिन मतों की गणना भी होगी। जगदीप धनखड़ के खिलाफ मार्गरेट अल्वा हैं विपक्ष की उम्मीदवार - उपराष्ट्रपति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उम्मीदवार बनाया है तो उनके खिलाफ विपक्षी दलों ने मार्गरेट अल्वा को प्रत्याशी चुना है। मार्गरेट अल्वा भी राज्यपाल रह चुकी हैं।

## खुटार ब्लॉक के ग्राम रसवां कलां में स्कूल के सामने सड़क पर भरा पानी गढ्ढे ही गढ्ढे

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- खुटार से गोला रोड बाईपास पर ईट भट्टे के पास से ग्राम रसवां कलां सैहजनिया होते हुए मोहम्मदी तक जाने वाली सड़क बहुत ही खराब है।सड़क का नामोनिशान ही नही रह गया है,पूरी सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हो चुके है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है गांव रसवां कलां में गांव के पास ही सड़क पर गड्ढा हैं,जिससे बहां पर हमेशा जलभराव की समस्या बनी रहती हैं। जलभराव होने के कारण बहां दुर्गंध आती हैं जिससे आस पास में रहने बाले लोग काफी परेशान हैं। पास ही प्राथमिक विद्यालय के पास पानी भरा हुआ है।जिससे बिद्यालय जाने आने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को बहुत दिक्कत होती हैं। अत्यंत निन्दनीय स्थिति है यह। गांव में जलभराव होने के कारण कोई बीमारी फैल सकती हैं। ग्रामीणों ने अतिशीघ्र समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की है।

## मोहनपुर से दर्जनों कांवरियों का जत्था रवाना

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार ( शाहजहांपुर )- ब्लॉक क्षेत्र के गांव मोहनपुर से दर्जनों कांवरियों का जत्था फर्रुखाबाद घटियाघाट के लिए रवाना हुआ,गांव के सम्मानित जनों ने कांवरियों का तिलक कर उन्हें रवाना किया और उनकी यात्रा मंगलमय हो इसके लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की।सभी कांवरिया घटियाघाट फर्रुखाबाद से जल भर कर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।आयोजकों ने बताया है कि गांव से पांचवी विशाल कावड़ यात्रा जा रही है। जिसमें गांव के तमाम कांवरिया जल लेने के लिए जा रहे हैं।गुरुवार को कावड़ यात्रा गोला पहुंचेगी जहां भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर कांवरिया जलाभिषेक करेंगे।कावड़ यात्रा में वीरेंद्र मिश्रा उर्फ नन्हे भैया,अमित मिश्रा,अशोक मिश्रा, रिंकू मिश्रा ,रुपेश मिश्रा ,अभिषेक मिश्रा, चेतन तिवारी, हिमांशु मिश्रा ,नितिन मिश्रा, योगेश मिश्रा, पप्पू वर्मा ,कमलेश वर्मा, रवि वर्मा, सोनू, हरिओम वर्मा,सहित तमाम लोग रवाना हुए।

## वृक्षारोपण कर मनाया पीएसकेएस का तृतीय स्थापना दिवस



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पत्रकार समाज कल्याण समिति जनपद श्रावस्ती के जिला कमेटी तथा तहसील भिनगा कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सूरजभान बघेल तथा पत्रकार समाज कल्याण समिति के तृतीय स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जिसकी मुख्य अतिथि निर्मला पटेल सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी तथा अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज के प्राचार्य ज्योति प्रकाश पांडे रहे तथा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मंजू पांडे रही जिन्होंने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम को गति प्रदान किया वृक्षारोपण करने के पश्चात सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग निर्मला पटेल ने पत्रकार समाज कल्याण समिति की के राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई देते हुए संगठन को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की का आशीर्वाद दिया वहीं उन्होंने वृक्षारोपण करने के पश्चात सभी से वृक्ष लगाने का अनुरोध किया तो वही अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती केसी गोस्वामी ने वृक्षारोपण करने के पश्चात संगठन के पदाधिकारियों का धन्यवाद देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की मुबारकबाद पेश की उसके बाद अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज के प्राचार्य ज्योति प्रकाश पांडे ने वृक्षारोपण कर संगठन के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने कहा सभी को कम से कम एक वृक्ष प्रतिवर्ष लगाना चाहिए तत्पश्चात जिला प्रबोशन अधिकारी जनपद श्रावस्ती सुबोध कुमार सिंह ने भी वृक्षारोपण करने के बाद संगठन को कोट कोट बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की मुबारकबाद पेश की तत्पश्चात जिला अध्यक्ष हसमत हुसैन खान ने वृक्षारोपण करने के बाद कहा की एक वृक्ष सौ पुत्र समान होते हैं जिला उपाध्यक्ष अमित विश्वास, जिला प्रवक्ता नन्द कुमार गुप्ता, जिला सचिव मकबूल अहमद, आईटी सेल से भीम सिंह,जमुनहा तहसील अध्यक्ष रामू हिंदुस्तानी ,तहसील संरक्षक इसरार अहमद, तहसील प्रभारी अरविंद गुप्ता,के साथ नीतीश तिवारी, रुद्रनारायण तिवारी, मोहित गुप्ता, याकूब अहमद, शरीफ अहमद मौजूद रहे

## ग्राम मोहनपुर में बदमाश देखे जाने की सूचना से मचा हड़कम्प

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- खुटार -बुधवार को दोपहर गांव में ही रहने वाली कुछ महिलाएं जानवरों के लिये खेतो में घास काटने गयी थी। महिलाओं का कहना है कि गन्ने के खेत मे कुछ बदमाश हैं,उन्हें देख महिलाए डर गई और भागते हुए गांव पहुंची और पूरी बात गांव वालों को बतायी। सूचना मिलते ही गांव के तमाम लोग गन्ने के खेत पर पहुंचे।

देखते ही देखते खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और सैकड़ो लोगो की भीड़ वहां एकत्रित हो गई, लोगों ने बदमाशों को पकड़ने के लिए गन्ने के खेत को चारों तरफ से घेर लिया गन्ने के खेत में बदमाशों को ढूंढा गया, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। बदमाश देखे जाने की सूचनाएं अफवाह , या सत्यता बताया जाता है कि मोहनपुर में कई दिनों से बदमाश देखे जा रहे है, इससे कुछ दिन पूर्व गांव के पूर्व कोटेदार का पुत्र खेत में सिंचाई कर रहा था। जहां वह घायल हो गया था।जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका है। घायल युवक का बरेली के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। ग्रामवासी पूरी रात जागकर घरों की रखवाली करते हैं। गांवो में अक्सर बदमाश देखे जाने की सूचनाएं मिलती रहती हैं जिससे क्षेत्रवासी काफी भयभीत हैं। इधर पुलिस ने भी अपनी गश्त बढा दी है। थानाध्यक्ष धनंजय सिंह ने क्षेत्रवासियो से अपील करते हुए कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा में 24 घण्टे तैयार है। अगर कही भी कोई सन्दिग्ध दिखता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें और अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दे सतर्क रहें और सुरक्षित रहें।

## किसान इण्टर कॉलेज सुबिखा में छात्र छात्राओं को बताए आपदा प्रबंधन के गुण




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-आपदा जोखिम नियुनिकरण के अंतर्गत आपदा से बचाव एवं प्रबंधन हेतु विभिन्न संस्थानों और हितधारकों को सशक्त बनाने के लिए एनडीआरएफ की टीमें लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है साथ ही समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बच्चे एवं शिक्षण संस्थानों में आपदा से बचाव हेतु स्कूलों/कॉलेजों में स्कूल सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उसी कड़ी में विकास खण्ड गिलौला के सुबखा स्थित किसान इन्टर कॉलेज में एनडीआरएफ टीम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से भूकंप, बाढ़, आग लगना, वाहन दुर्घटना, सर्पदंश, स्ट्रेचर बनाना, 3 व 4 आर्म्स चेयर बनाना, सीपीआर देना, रस्सी बचाव तकनीक, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा, आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके और दामिनी ऐप का इस्तेमाल आदि के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान भूकंप बचाव ड्रिल और आपातकालीन निकासी ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थीयों, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर किसान इन्टर कॉलेज सुबखा के प्रधानाचार्य ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है। इस कार्यक्रम से कॉलेज के विद्यार्थी व अध्यापक लाभान्वित होंगे और आपदा के दौरान अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे।

## अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार




लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव थाना नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती मयहमराही टीम द्वारा ग्राम तिलकपुर समय माता मंदिर के पास से अभियुक्त शाकिर अली पुत्र जुम्मन अली निवासी लपोखी दाखिला तिलकपुर थाना नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती जनपद श्रावस्ती को 01 अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना श्रावस्ती पर मुकदमा अपराध संख्या 65/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया

## दीक्षा सिंह बनी अपोलो अल्ट्रासाउंड की ब्रांच मैनेजर



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार( शाहजहांपुर )नगर के मोहल्ला कोट पटवा वार्ड निवासी पत्रकार विनोद कुमार सिंह की बहू एवं स्वर्गीय शहीद पत्रकार जगेंद्र सिंह की पुत्री को नगर के प्रतिष्ठित अपोलो अल्ट्रासाउंड की ब्रांच का मैनेजर बनाया गया,अपोलोअल्ट्रासाउंड के मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक गुप्ता एवं अजीत सिंह सहित अधीनस्थ कर्मचारियों ने उन्हें बुके भेंट कर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# अधिकारी महिलाओं से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता से लें और उनका समय से निस्तारण करना सुनिश्चित करें-अवनी सिंह

जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 के अर्न्तगत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीडन की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से सर्किट हाउस मुरादाबाद में आज श्रीमती अवनी सिंह मा0 सदस्या उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा जागरुकता चैपाल शिविर का आयोजन एवं महिला जनसुनवाई का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती अवनी सिंह ने महिलाओं की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि महिलाओं से संबंधित मामलों को अधिकारी गम्भीरता से लें और निर्धारित समयावधि में शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से संबंधित 11 प्रकरण प्राप्त हुए। सदस्या राज्य महिला आयोग ने संबंधितों को प्रकरणों में पीडित महिलाओं के प्रति सहानुभूति बरतते हुए पीडितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। सर्किट हाउस में मा0 सदस्या उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज-4 के अर्न्तगत घरेलू हिंसा एवं जमीन विवाद के प्रकरणों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 महिला राज्य आयोग का प्रयास रहता है कि पीड़ित महिला की मदद हो एवं उसे न्याय मिले। जनसुनवाई के पश्चात् महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरुकता चैपाल शिविर एवं महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाओं को विभिन्न प्रकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा , योजनाओं से संबंधित साहित्य उपलब्ध कराये जाने के साथ ही पात्रों का सुसंगत योजनाओं में यथा संभव पंजीकरण भी कराया गया। परिवारों की महिलाओं को उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा निराश्रित महिलाओं को पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनाये जाने, कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित, बालिकाओं को लाभ दिलाए जाने, बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना से जनपद की महिलाओं को लाभान्वित कराये जाने के संबंध में, जनपद में उत्तर प्रदेश बाल सेवा से लाभान्वित परिवारों /बालिकाओं के संबंध में नियत तिथि पर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु संबंधित के निर्देशित किया और उन्होंने महिलाओं को कोविड वैक्सीनेशन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सर्किट हाउस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर में विद्वान अधिवक्तागण द्वारा पीडित महिलाओं को विधिक जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की गयी। इच्छुक पीडित महिलाएं अपने वादों का लोक अदालत में आकर सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करा सकती हैं। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्टेªट प्रथम प्रज्ञा यादव, शलोनी अग्रवाल पुलिस क्षेत्राधिकारी कांठ, जिला प्रोबेशन अधिकारी नरेश चैहान, सब इंस्पेक्टर महिला थाना ज्योति चैधरी, एवं महिला कल्याण विभाग, वन स्टाप सेन्टर की काउंसलर, मध्यस्ता अधिवक्ता शिव कुमार गौतम, आलम जैदी, आदि उपस्थित थे।

# लापरवाही: प्रेमवंडरलैंड पुल पर स्ट्रीट लाइट को लगे 35 पोल बने शोपीस




मुरादाबाद के प्रेमवंडर लैंड पर रेलवे के आरओबी को बने कई साल हो चुके हैं। पुल से हर दिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं लेकिन पुल से गुजरने वाले वाहन और लोगों को रोशनी देने के लिए एमडीए की ओर से कोई काम नहीं किया जा रहा है। विभाग के सुध न लेने से पुल पर वर्षों से लगी स्ट्रीट लाइट और उनके पोल गायब हो चुके हैं। पुल पर करीब 35 स्ट्रीट लाइट के पोल लगे हैं इनमें से आधे पोल पर एलईडी लाइट ही नहीं है, वहीं कुछ पोल टूटकर पुल के नीचे लटके हुए हैं। आलम यह है कि हर दिन सैकड़ों कांवड़ियां इस पुल से अंधेरे में गुजर रहे है लेकिन एमडीए ने पुल की स्ट्रीट लाइट के लिए अब तक कोई इंतजाम नहीं किए है।

शायद उनको किसी बड़ी घटना का इंतजार है। प्रेमवंडर के पुल से हर दिन सैकड़ों वाहन निकलते हैं, शाम होते ही पुल और उसके पास ऐसा अंधेरा हो जाता है जैसे किसी सुनसान रास्ते में जा रहे हों। रामगंगा पुल से निकलकर डीयर पार्क तक पहुंचने के बाद अंधेरा शुरू हो जाता हैऔर काशीपुर तिराहे तक ऐसा ही रहता है। प्रेमवंडर पुल पर एमडीए के स्ट्रीट लाइट की मेंटीनेंस करने वाली टीम का दावा तो शिकायत मिलते ही लाइटों को दुरुस्त कराने का दावा करती है लेकिन हिन्दुस्तान की टीम ने जब पड़ताल की तो पता चला कि पुल में करीब 35 स्ट्रीट लाइट पोल है जिसमें से कुछ टूटकर पुल के नीचे लटक चुके हैं और जो पुल पर खड़े हैं उनमें एलईडी लाइट या तो जल नहीं रही और कई के ढक्कन भी गायब हो चुके हैं। सावन में हर दिन इस पुल से सैकड़ें कांवडियां गुजर रहे हैं लेकिन प्रशासन की नजर शायद इन स्ट्रीट लाइटों की दुर्दशा पर नहीं पड़ी। पुल पर इस अंधेरे से किसी भी दिन कोई हादसा हो सकता है।

# थाना डिलारी में मोहर्रम के जूलूस को शांतिपूर्वक निकालने को लेकर हुई बैठक



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - डिलारी थाने में मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम ठाकुरद्वारा एवं एएसपी सागर जैन शामिल हुए।

बुधवार को बैठक में एसडीएम और एएसपी ने संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी ताजियेदार नई परंपरा नहीं करें और उन्हीं रास्तों पर ताजियों को निकाला जाए। इस दौरान ताजिएदारो ने समय से बिजली के तारों को हटाने एवं ताजिए वाले रास्तों के गड्ढों को भरने आदि की मांग की। जिससे कर्बला तक ताजिए पहुंच सकें। इस दौरान थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने भी वहां पर मौजूद सभी अतिथियों से त्योहार को शांति पूर्वक और उस में सहयोग करने की अपील की। यहां थानाध्यक्ष सुनील कुमार सहित सह पुलिसबल, एव प्रधान फुरकान अली , सदाबहार , फारूक अली , नजीर हुसैन ,डॉ अनुपम सिंह , आदि मौजूद रहे।

# टीचर के ट्रांसफार्मर होने पर स्कूली बच्चों का हंगामा, कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

मुरादाबाद -मुरादाबाद के राजकीय इंटर कॉलेज रतनपुर कलां की प्रभारी प्रधानाचार्य के पद पर तैनात बबिता मेहरोत्रा के ट्रांसफर के बाद स्टूडेंट्स ने कलक्ट्रेट में जमकर हंगामा किया। एक दिन पहले सैकड़ो की संख्या में स्कूली बच्चों ने पाकबड़ा डींगरपुर मार्ग पर जाम लगा दिया था। तब सूचना पर पहुची पुलिस ने बच्चों को समझा बुझाकर शांत कराकर स्कूल भेजा था। बुधवार को बच्चों ने कलेक्ट्रेट पर हंगामा कर टीचर की वापसी की मांग की। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर कलां गांव में राजकीय इंटर कॉलेज में 10 अगस्त 2021 को सम्भल के हुसैनपुर छिरावली से बबीता मेहरोत्रा को प्रभावी प्रधानाचार्य बनाकर रतनपुर कलां राजकीय इंटर कॉलेज भेजा गया था। दस दिन पहले बबीता मेहरोत्रा का ट्रांसफर वापस वहीं कर दिया गया। जब स्कूली बच्चों को इस बात की खबर लगी तो पाकबड़ा डींगरपुर मार्ग रतनपुर चौराहे पर जाम लगा दिया था। बच्चों का कहना है कि राजकीय इंटर कॉलेज की असली पहचान बबीता मेहरोत्रा है, बबीता मैडम का तबादला निरस्त करो। कलेक्ट्रेट में बच्चों को एडीएम सिटी आलोक वर्मा ने डीआईओएस को बुला लिया और इसके साथ ही बच्चों को समझाया बुझाया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

## संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Raid now

The matter related to the National Herald seems to be getting serious. First, two veteran Congress leaders were interrogated and now the ED has raided the offices of National Herald. The raids conducted by the ED on the offices of the Congress-backed newspaper National Herald, which is probing the money laundering case, have deep implications. The question is, has the agency come to know about anything in the interrogation of Sonia Gandhi and Rahul Gandhi, which led to the raid on the National Herald?

It is a matter of great concern in itself to come across a raid on the office of a newspaper. The ED should move very whimsically. It has become such a big issue and names of so many big leaders are involved in it that it is more important to have milk of milk and water of water. Only after the investigation reaches its conclusion, the ED's action will be justified. The special thing is that the teams of ED i.e. Enforcement Directorate have raided 12 different places including the office of National Herald. This is not a minor action, its effect can be seen not only within the Congress party, but also other political parties of the country and within the Parliament. Keep in mind, Sonia Gandhi was questioned by the ED for several days.

Before that, Rahul Gandhi was also questioned for several consecutive days, which was opposed by Congress workers across the country. The complaints against the investigating agencies are as wrong as the politics of opposition to interrogation is wrong. Overall, this case of money laundering should not be made a political matter, but it is unfortunate that the opposition parties in their country have always been accusing them of misuse of government agencies. The parties which discuss the misuse of agencies while in the opposition come to power and come under the target of similar allegations.

This matter is in the same way that inflation is a big issue for the parties sitting in the opposition. In such a situation, the confusion of common people deepens that what is right and what is wrong? Not only the ED, it is also the responsibility of the present government to clear this confusion and avoid leaving room for allegations of political vendetta.

It is also necessary to get the matter resolved at the earliest, because it will affect the future politics and the politics of revenge will intensify in the country. It is said that Motilal Vora had more role in this alleged case of money laundering and Vora's name has come up again and again in the interrogation till now. Has there really been a transaction in this case? It is necessary for the ED to prove the transaction.

Obviously, the purpose of the raid is to gather evidence. Without proving the transaction, this case of money laundering will not be strengthened. The indication is that so far no concrete evidence has come to the public, so the ED is looking for such evidence. Now it is a debate that if the ED had questioned the veteran leaders after gathering some irrefutable evidence,

then perhaps there would not have been so much opposition. This high-profile case is no less than a lesson for the agencies as well. All investigative agencies must be concerned about their credibility, it is not their job to worry about politics.


## Sunny Leone completes 10 years journey in Bollywood, left adult film industry and created crores of wealth

Sunny Leone, who made her Bollywood debut in 2012 with the film Jism 2, completed her 10 years in the Hindi film industry on Wednesday. Sunny has made a special identity by working in many Bollywood films like 'Ragini MMS 2', 'Ek Paheli Leela' and 'Mastizaade'. More than films, Sunny's iconic songs got her popularity. Be it 'Laila Main Laila' with Shah Rukh Khan, 'Baby Doll' with Kanika Kapoor or 'Chaar Bottle Vodka' with Honey Singh, Sunny's dance has all these. The songs were well received and these songs are the life of the parties till date. Sunny, who came to India in search of work leaving the adult film industry, is the owner of crores today. Let us know about Sunny Leone's net worth, house, car collection and luxury lifestyle. Sunny Leone's luxurious bungalow - Sunny Leone lives in a luxurious flat located in Andheri West area of ??Mumbai with husband Daniel Weber and her three children. Which he bought for a price of 16 crores. Apart from Mumbai, Sunny also has a very beautiful and luxury bungalow in Los Angeles, USA. This bungalow built in English style has been named Dream by Sunny. This luxurious mansion was bought by Sunny on her 36th birthday. She was living here with her family at the time of Kovid. Sunny Leone's Luxury Car Collection - Sunny Leone is very fond of expensive vehicles and Maserati is her favorite. Sunny's car collection includes vehicles like Maserati Ghibli Nerissimo, Maserati Quattroporte, BMW 7 Series and Audi A5.



## Akshay Kumar's 'Raksha Bandhan' can be beaten for these 5 reasons, gutkha ad spoiled the game?

Bollywood actor Akshay Kumar's film 'Raksha Bandhan' is going to release in theaters on August 11. The trailer of the film has already been released but now as the release date is approaching, there seems to be increasing opposition to the film. There is a demand to boycott the film on social media. Let's know those 5 reasons, due to which this film can be beaten at the box office. People are angry with Akshay Kumar - Akshay Kumar's bad times started when he added Pan Masala. After this Akshay Kumar was trolled fiercely and after that Akshay's film 'Prithviraj' flopped badly. Earlier, people also opposed Akshay Kumar's film Bachchan Pandey. It seems that the fans are not from a very positive mindset about Akshay Kumar. If the rising demand for Boycott increases? - The opposition to any film always remains a big threat to the makers. #BoycottRakshaBandhanMovie is trending on social media day by day and like 'Lal Singh Chaddha' it is also facing a lot of opposition. Those opposing the film 'Raksha Bandhan' on social media allege that writer Kanika Dhillon has said objectionable things against Hindu culture. Collision with 'Lal Singh Chaddha' - Another big reason increasing the possibility of the film getting beaten up is its release with 'Lal Singh Chaddha'. Its release along with Aamir Khan's film Lal Singh Chaddha can prove to be a big mistake of the makers because the buzz about Aamir Khan's film is also not less. The film's clash always leads to profit divide. - Increasing emphasis of South's films - In the last few years, the audience's trend towards South's films has increased a lot.



# जिला कांग्रेस कार्यालय पर निकाय चुनाव डिजिटल सदस्यता अभियान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-जिला कांग्रेस कार्यालय पर निकाय चुनाव डिजिटल सदस्यता अभियान 9 अगस्त से 15 अगस्त तक होने वाली पदयात्रा और 5 अगस्त को संपूर्ण भारत में महंगाई जीएसटी ईडी को लेकर बैठक संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मथुरा के पूर्व चेयरमैन एटा जिला के प्रभारी श्याम सुंदर उपाध्याय उर्फ बिट्टू भैया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल यादव राज्यसभा की पूर्व सांसद श्रीमती सत्या बहन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एटा जिला के पूर्व प्रभारी आशुतोष दीक्षित बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्याम सुंदर उपाध्याय ने कहा पूरे भारतवर्ष में मात्र एक नेता राहुल गांधी हैं जो महंगाई बेरोजगारी जीएसटी और जांच एजेंसियों के खिलाफ बोल रहे हैं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल यादव ने कहा इस बार अच्छे व मेहनती कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन में जगह दी जाएगी पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती सत्या बहन ने कहा उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी जी के नेतृत्व में संगठन मजबूत हुआ है और महिलाओं को आगे आने का मौका मिला है बैठक में जिला अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी शहर अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मिक उपाध्यक्ष अनिल सोलंकी आदर्श मिश्रा इमरान अली गीतम सिंह राजपूत सुरेंद्र कश्यप अरुणेश गुप्ता महेंद्र राजपूत भोला गुप्ता कय्याम बरकाती अमित कुमार लालू सोनू पंडित तारा राजपूत नीलम राज श्रीमती पूजा योगेश राजपूत जावेद संदीप बाल्मीकि आशिक अली भोले रोहित राणा सरिता अंबेडकर जयकुमार चंदन पाराशर सुनील राजपूत जितेंद्र राजपूत डॉ सुरेंद्र सविता नीरज मिश्रा अमित गुप्ता रियाज अब्बास सुल्तान अली अब्बास आशू यादव शत्रुघन चौहान रजत यादव सचिन गुप्ता हीरा पाराशर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे

# कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी -- सीएमओ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण बेहद आवश्यक है। जिले में 15 जुलाई से 18 से 59 वर्ष उम्र के लोगों को भी मुफ्त में प्रीकाशन डोज लगाए जाने की शुरुआत हो चुकी है। 59 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों को पहले ही निःशुल्क प्रीकॉशनरी डोज लगाई जा रही थी। जिले में अब तक करीब 56000 से अधिक लोगों को प्रीकॉशनरी डोज लगाई जा चुकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में 18 वर्ष से अधिक उम्र के करीब 12.96 लाख से अधिक लोगों को कोरोना टीका की दोनों डोज लगाई जा चुकी हैं। जिले में अब तक करीब 56000 लोगों को प्रीकॉशनरी डोज लगाई जा चुकी है। आशा कार्यकर्ता की मदद से लोगों को वैक्सीन की एहतियाती डोज लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 18 वर्ष से 59 वर्ष उम्र के लोगों को निःशुल्क प्रीकॉशन डोज लगाई जा रही है 7 इसके साथ ही 59 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए प्रीकॉशन डोज पहले से ही निःशुल्क थी। उन्होंने बताया कि यह डोज सभी कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों पर उपलब्ध है। ऐसे लाभार्थी जिन्हें टीका की दूसरी डोज लगवाए हुए छह महीने का समय पूर्ण हो गया हो वह निशुल्क प्रीकॉशनरी डोज लगवा सकते हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राम सिंह ने बताया कि टीका लगने के बाद शरीर में पर्याप्त मात्रा में एंटीबॉडीज बनने लगती हैं, जो कि एक निश्चित समय के लिए बनती है। ऐसे में एक निश्चित अवधि के बाद एहतियाती डोज लगवाना भी बेहद आवश्यक है, जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। एहतियाती डोज उन्हीं को लगायी जा जा रही है, जिनको दूसरी डोज लगवाये छह महीने पूरे हो गए हैं/ इसके साथ ही जिन लोगों को को-वैक्सीन की पहली और दूसरी खुराक दी गई थी, उन्हें एहतियाती खुराक के तौर पर को-वैक्सीन की डोज ही लेना होगा। इसी प्रकार जिन्हें कोविशील्ड की पहली और दूसरी खुराक मिल चुकी है,उन्हें एहतियाती खुराक में भी कोविशील्ड का टीका ही लगाया जाएगा। कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाना बेहद जरूरी है। कोरोना से बचाव के लिए सभी पात्र लोग एहतियाती डोज अवश्य लगवाएं।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## खुटार के तिकुनिया में सड़क पर भरा बरसात का पानी



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- नगर के तिकुनियां चौराहे पर गुरुद्वारा के पास शाहजहांपुर से पलिया जाने वाले हाईवे पर बरसात का पानी भरा हुआ है जहां से राहगीरों का निकलना दूभर है।आपको बताते चलें वहां पुलिया बंद होने के कारण पानी का निकास नहीं है जिस कारण हल्की सी भी बरसात होती है तो वहां बरसात का पानी भर जाता है, उधर से गुजरने वाले वाहन चालकों राहगीरों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।जिसमे कई बाइक सवार पानी में गिर कर चोटिल भी हो चुके हैं लेकिन वहां से प्रतिदिन गुजरने वाले जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा।

# डीएम व सीएमओ ने संयुक्त रूप से किया बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारम्भ



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-बुधवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडी समिति जीटी रोड पर जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से विटामिन ' ए ' सम्पूर्ण कार्यक्रम के तहत नन्हें मुन्ने बच्चों को अपने कर कमलों से विटामिन ' ए ' की खुराक पिलाकर बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारम्भ किया ! इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल ने कहा कि विटामिन ' ए ' एक वसा में घुलनशील विटामिन है जो बच्चों के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में तेजी से व्रद्दि करता है ! मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने इस कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए बताया कि 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ' ए ' की खुराक पिलाने से वह पूर्ण स्वस्थ्य व पोषित रहते हैं ! सीएमओ ने आगे कहा कि आज हुऐ शुभारम्भ के दिन से आगामी एक माह तक माइक्रोप्लान के अनुसार छाया वीएचएनडी / यूएचएनडी सत्रों के जरिऐ 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को नियमानुसार विटामिन ' ए ' से आच्छादित किया जाऐगा तथा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लाभार्थियों को आच्छादित करते समय इस बात का जरूर ध्यान रखा जाऐगा कि सत्र पर एक समय में दस से अधिक बच्चे एकत्रित न होने पाऐं ! क्षेत्रिय आशा द्वारा उन्हें कुछ अंतराल पर ही सत्र में बुलाकर विटामिन ' ए ' घोल की खुराक से आच्छादित किया जाऐ ! कार्यक्रम के दौरान डीआईओ डा. रामसिहं , एसीएमओ डा. ओ.पी.आर्या , डा.आर.एन. तिवारी , स्वास्थ्य केन्द प्रभारी डा. रिषभ सक्सेना , जिला कार्यक्रम प्रबंधक मुहम्मद आरिफ , डिस्ट्रिक अर्बन हैल्थ कॉआर्डिनेटर खुशनुमा , मात्र स्वास्थ्य सलाहकार ताहिरा सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे !

# सिकदंरपुर थानाध्यक्ष की पत्नी के लगी नाजायज तमंचे की गोली,संदिग्ध मौत , आला अधिकारी मौके पर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-कासगंज - जिले के थाना सिकंदरपुर बैश्य के थानाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी की नाजायज तमंचे से चली गोली लगने के कारण संदिग्ध मौत होने की सूचना से समूचे पुलिस महकमें में सन्नाटे का आलम है ! घटना की सूचना प्राप्त होते ही डीआईजी दीपक कुमार व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ती व सीओ पटियाली भी घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुऐ मामले की जानकारी ली गयी है ! एसएसपी ने प्रकरण में प्रथम दष्टया थानाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता को दोषी मानते हुऐ निलिम्बत कर घटना की बारीकी से जांच करने के आदेश दिऐ है ! बताया जाता है कि घटनास्थल थानाध्यक्ष के थाना आवास से 315 बोर का एक देशी तमंचा बरामद किया गया है ! घटना की पडताल के लिऐ फील्ड यूनिट व फोरेसिंक टीम को लगाया गया है !

**साली का जीजा पर हत्या करने का आरोप**

घटना के आरोपी थानाध्यक्ष विवेक गुप्ता की शादी को महज सात वर्ष का समय होने के चलते जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर एसडीएम पटियाली भी छानबीन करने हेतु घटनास्थल पर पहुंच गऐ ! इस प्रकरण में म्रतका की बहिन का आरोप है कि जीजा ने किसी अन्य महिला से दूसरी शादी कर ली है जिसके कारण आऐ दिन विवाद रहता था इसी बजह से जीजा मे बहिन की नाजायज तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी है !

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# आंगनबाड़ी केंद्र बंद, छोटे-छोटे बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- महिला बाल विकास अधिकारियों के घोर लापरवाही से आए दिन कई आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता उपस्थित नहीं रहती हैं नहीं केंद्र ठीक ढंग से संचालित हो पा रहा है। आज ग्राम पंचायत पासल खास पारा आगनबाडी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित नहीं है और ना ही सहायिका। मीडिया टीम जब भ्रमण करते हुए केंद्र तक पहुंचे तो देखा कि केंद्र के सामने छोटे-छोटे बच्चे खेल रहे हैं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का कोई पता नहीं है। इस संबंध में महिला बाल विकास परियोजना ओड़गी से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि सुपरवाइजर फील्ड में गई हुई हैं परंतु सुपरवाइजर के पास फोन लगाने पर उनका मोबाइल बंद है। सुपरवाइजर ने अपना मोबाइल बंद करके पता नहीं कहां रंगरेलियां मना रही है। इसी प्रकार से आए दिन कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बंद होने की सूचना परियोजना अधिकारी ओडगी को दिया गया है फिर भी कार्यकर्ताओं पर कोई कार्यवाही ना होने से इनका मनोबल बढ़ता ही जा रहा है और अपने कार्य के प्रति भारी लापरवाही करती रहती हैं। वही केंद्रों में सही रूप से बच्चों का भोजन नहीं दिया जाता और गुणवत्ता विहीन दिया जाता है। जिसकी जानकारी का ग्रामीणों से प्राप्त हुई है। इस संबंध में अधिकारियों को सूचना देने पर सिर्फ कहा जाता है कि हम कार्यवाही करेंगे परंतु इनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाता। आपको बता दें कि जिले से 100 किलोमीटर दूर चांदनी बिहार पुर किया मामला हमेशा से आती रही है और मीडिया कर्मियों ने इस पर चर्चा भी करते आ रहे हैं परंतु अधिकारियों को कोई असर ही नहीं पड़ता है।

# छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू के 11 मरीज मिले, 2 स्वस्थ 9 अस्पताल में भर्ती, मंकीपॉक्स संदेही की रिपोर्ट निगेटिव




छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच स्वाइन फ्लू (HvNv) के मरीज भी सामने आ रहे हैं। स्वाइन फ्लू के प्रदेश में अब तक 11 मामले सामने आए हैं, जिसमें 2 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं, वहीं 9 मरीजों का रायपुर के निजी अस्पतालों में इलाज जारी है। देश में मंकीपॉक्स पैर पसारने लगा है। छत्तीसगढ़ में मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध मरीज सामने आया था, जिसकी जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। रिपोर्ट निगेटिव आने पर स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने मंकीपॉक्स, कोविड-19 और स्वाइन फ्लू के साथ ही मौसमी बीमारियों से सावधान रहने को कहा है। मंत्री सिंहदेव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध मरीज सामने आया था। जांच के बाद उसकी रिपोर्ट निगेटिव आई है?। देश के दूसरे हिस्सों में मंकीपॉक्स के 8 मामले आए हैं। ऐसे में पर्याप्त सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वाइन फ्लू के 11 मरीजों की पहचान हुई है, जिनमें से 2 मरीज इलाज के बाद स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट चुके हैं। वहीं 9 मरीजों का रायपुर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। स्वाइन फ्लू के इन मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में अलर्ट जारी किया है।

### किडनी रोग से प्रभावित गांवों में लिया पानी का सैंपल

सिंहदेव ने कहा कि भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क का उपयोग अवश्य करें। साथ ही हाथों की साफ-सफाई व कोविड-19 एप्रोप्रिएट बिहैवियर का गंभीरता से पालन करें। स्वाइन फ्लू भी कोरोना की तरह फेफड़ों को प्रभावित करता है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सुकमा जिले में किडनी रोगों से प्रभावितों के गांव के पानी की प्रारंभिक जांच में आयरन और फ्लोराइड की अधिकता पाई गई है। पानी का सैंपल लैब भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट 3 दिन में आने की उम्मीद है। सुकमा जिला प्रशासन को इस संबंध में अलर्ट करने के साथ ही प्रभावितों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

# छत्तीसगढ़ में किसानों के खेती योग्य पानी नहीं बरसने पर किसान बहुत ज्यादा हलकान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिला सूरजपुर ज्ञात हो कि इन दिनों छत्तीसगढ़ में किसानों के खेती योग्य पानी नहीं बरसने पर किसान बहुत ज्यादा हलकान परेशान हो रहे हैं जिससे किसान अपना धान का फसल को नष्ट होते देख रहे है,, और वही दूसरी ओर भैयाथान से प्रतापपुर मार्ग भैंसमुंडा सती चौक तक डामरीकरण सड़क जो पूर्व में बना हुआ है उसका स्थिति आज वर्तमान में बहुत ज्यादा उखड़ कर जगह जगह गड्ढा रोड में हो चुका है जिससे आए दिन आम जनता राहगीरों और शासकीय कर्मचारियों का भी यह मार्ग में आना जाना रहता है इस रोड का उखड़ जाने से राहगीरों को दुर्घटना का आए दिन कहीं ना कहीं रास्ते में शिकार होना पड़ता है जिससे कभी-कभी राहगीरों का गंभीर चोट और मौत तक दुर्घटना में हो जाता है यह समस्या को लेकर जिला के सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला प्रभारी बहुजन समाज पार्टी सूरजपुर सीताराम भास्कर ने जिला सूरजपुर डीएम डिप्टी कलेक्टर से मुलाकात कर यह किसानों और राहगीरों का समस्या से अवगत कराया और तत्काल डामरीकरण रोड का गड्ढा जगह-जगह हुआ है उसे सुधार किया जाए कुछ जगह भैयाथान कॉपरेटिव बैंक, धान खरीदी केंद्र के पास और रेहन नदी पुल के पास और मोहली, शिव टेलर्स,, चैनपुर तक ,आवश्यकता से ज्यादा रास्ता खराब हो चुका है जनहित को ध्यान में रखते हुए जगह जगह रास्ता खराब है उसको बनाया जाए,,,, और छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है पर इस वर्ष का पानी का वर्षा नहीं होने से धान का उपज तो बहुत दूर की बात है जो धान किसान अपने खेत में लगाए हैं वह भी वापस आना मुश्किल हो गया है जगह जगह खेतों में दरारें फट चुकी है और धान का फसल बर्बाद हो चुका है और हो रहा है,, इसलिए पूरे सरगुजा संभाग के साथ-साथ हमारे जिला सूरजपुर संपूर्ण गांव को सूखा घोषित करते हुए पिछले वर्ष की तरह जो किसान जितना धान अपने खातों में धान खरीदी केंद्र में बिक्री किए हैं और धान का पैसा किसानों को मिला था उतना इस वर्ष भी किसानों के खातों में सरकार के द्वारा रुपए डाला जाए,, जिससे किसान अपना 1 वर्ष का घर परिवार पालन पोषण घर चलाने में सुविधा हो सके, डिप्टी कलेक्टर बनर्जी जी के द्वारा बोला गया आपके आवेदन पर विचार करते हुए तत्काल समाधान किया जाएगा, ज्ञापन देते समय भास्कर के साथ दिनेश ,कमलेश्वर सिंह, भोले प्रसाद पाटले, संत लाल दास ,उपस्थित रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# रायपुर में बड़े भाई ने अपने ही 13 साल के छोटे भाई को मार डाला, मां-बाप से मोबाइल और रुपये की करता था डिमांड




छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे एक गांव में बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की हत्या कर दी। बड़े भाई ने छोटे के सीने पर गैती (गड्ढा खोदने का औजार) से हमला कर दिया। वह अक्सर मोबाइल की डिमांड करता था। घर वालों से मोबाइल को लेकर झगड़ा भी करता था। हत्या करने वाले बड़े भाई की उम्र 16 साल है और जिस छोटे भाई को उसने मारा है उसकी उम्र 13 साल थी। सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। घटना राखी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी रायपुर से लगे गांव निमोरा में बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की हत्या की है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों भाइयों के बीच अक्सर झगड़ा हुआ करता था। मंगलवार की रात बड़े भाई ने सोते समय अपने छोटे भाई पर गैती से वार कर दिया। गैती को छोटे भाई के पेट और सीने में घुसा दिया। चीख सुनकर माता-पिता भी पहुंचे। मां-बाप के सामने ही 13 साल के बच्चे की मौत हो गई।

### मोबाइल खरीदने को लेकर विवाद

ग्रामीण कीर्तन राठौर ने बताया कि 13 साल का लकड़ा अपने माता-पिता से मोबाइल को लेकर झगड़ा करता था। वह मोबाइल खरीदने रुपये की डिमांड करता था और घर में मां-बाप से बहस करता था, जिसे बड़े भाई को गुस्सा आ गया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद भी हुआ था। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि माता-पिता खेती मजदूरी का काम करते हैं। मोबाइल खरीदने और खर्चे के लिए पैसों की मांग पर घर में घर में विवाद होता था।